BSNL
Connecting India

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति **क्रमांक-8**

(10.1.2021)

बीएसएनएल मोबाइल ग्राहकों के लिए अच्छी खबर

बीएसएनएल ने अपने सभी प्रीपेड मोबाइल ग्राहकों के लिए बिना किसी FUP के असीमित कॉलिंग ऑफर कॉल की सुविधा देने का निर्णय किया है। ट्राई द्वारा " द टेलीकम्यूनिकेशन इंटरकनेक्शन यूजेज चार्जेज" (पंद्रहवां संशोधन) विनियम, 2019 के अनुसार मोबाइल कॉल के लिए IUC शुल्कों को समाप्त करने के बाद बीएसएनएल ने ग्राहकों के हित में यह कदम उठाया है।

राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि बीएसएनएल मोबाइल ग्राहकों को प्रीपेड और पोस्टपेड अनलिमिटेड कॉलिंग ऑफर में FUP उपयोग सीमा के बारे में अब चिन्ता करने कि आवश्यकता नहीं है। बीएसएनएल प्लान वाउचर-365 में एक रूपए प्रतिदिन में मोबाइल सेवा उपलब्ध करवा रहा है। बीएसएनएल के पास आधा जीबी प्रतिदिन से लेकर अनलिमिटेड डाटा के प्लान्स भी उपलब्ध हैं।

ग्राहक बीएसएनएल के अनलिमिटेड कॉलिंग पैक ऑफर के साथ किसी भी नेटवर्क के लैंड्लाइन या मोबाइल नंबरों पर अनलिमिटेड वॉइस कॉल कर सकते हैं। कॉलिंग पैक ऑफर 99, 199,399,429,699,999,1499,1999,2399 आदि प्रमुख हैं। इन अनलिमिटेड कॉलिंग पैक ऑफर में वॉइस कॉलिंग के अलावा प्लान्स में 100 एसएमएस प्रतिदिन दिए जा रहे हैं। वॉइस FUP सीमा को हटाने का नियम पुराने और साथ ही नए मोबाइल ग्राहकों पर लागू होगा।

अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग सुविधा के लिए 250 मिनट प्रतिदिन की FUP सीमा को सभी प्रीपेड वाउचर पर 10.1.2021 को हटा दिया गया है, जिसमें जीएसएम प्रीपेड और पोस्टपेड सेवाओं के तहत अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग सुविधा है। अन्य सभी नियम और शर्तें समान हैं।

(विकास चन्देलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी